इंटरनेट मार्केटिंग क्या है? 2020 में टॉप 10 तरीको से घर बैठे ऑनलाइन पैसे कमाए

continuegyan.com/internet-marketing-kya-hai

आज लोग अपनी बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के लिए अपनी **इनकम का एक अतिरिक्त सोर्स बनाना चाहते हैं**। वे इंटरनेट पर कुछ अतिरिक्त घंटे बिताने के बारे में सोच सकते हैं, जहां वे **घर बैठे ऑनलाइन इंटरनेट मार्केटिंग कर पैसे कमा सके**।

स्टूडेंट्स, गृहिणी, कर्मचारी, पार्ट-टाइम नौकरी करने वाले, आदि आराम से **इंटरनेट मार्केटिंग के माध्यम से** एक सभ्य जीवन जी सकते हैं।

भारत जैसे विकासशील अर्थव्यवस्था में **ऑनलाइन मार्केटिंग की गति काफ़ी तेज़ी से बढ़ रही है**। स्मार्टफोन और तेजी से बढ़ते इंटरनेट के इस्तेमाल के साथ, **भारतीय बाजारों में ऑनलाइन शॉपिंग/खरीदारी की धूम है**।

इंटरनेट मार्केटिंग क्या है?

इंटरनेट मार्केटिंग किसी बिज़नेस या ब्रांड के **प्रोडक्ट्स या सर्विसेज को इंटरनेट पर प्रोमोट करने की प्रक्रिया है**। **कंटेंट मार्केटिंग, ईमेल मार्केटिंग, सर्च इंजन, paid मीडिया इत्यादि इंटरनेट मार्केटिंग करने के विभिन्न तरीके हैं**।

इस क्षेत्र में सफल होने के लिए आपको आवश्यकता है थोड़ी सी रचनात्मकता/creativity की और एक कंप्यूटर या लैपटॉप के साथ अच्छे इंटरनेट कनेक्शन की।

मैं आपको सटीक तरीके बता सकता हूँ जिनसे मै **ऑनलाइन पैसा कमाने के लिए उपयोग करता हूँ** या कभी किया करता था। कंटेंट लिखना, उसकी मार्केटिंग करना और वेबसाइट बनाने की बेसिक चीजे सीखने में मुझे लगभग 1 साल लगे। और इस सीखने के समय के दौरान, मेरी कमाई शून्य '0' थी।

अगर आप रातोंरात पैसे कमाने के तरीके ढूंढ रहे हैं तो आप गलत जगह पर हैं।

वास्तविकता यह है कि ..

इंटरनेट आपको तत्काल पैसा नहीं दे सकता, लेकिन **आप इंटरनेट से long term पैसे कमा सकते हैं**।

आपके लिए quick टिप्स :

- आप आज जो काम करेंगे उसका फायदा आपको आगे चलकर मिलेगा।
- डेटा एंट्री जॉब्स प्रोवाइडर ज्यादातर घोटाले होते हैं, अपना समय और पैसा बर्बाद न करें।
- क्राइम और स्कैम को छोड़कर पैसा कमाने का कोई शॉर्ट-कट तरीका नहीं है, मेरा सुझाव यही है कि दोनों से दूर रहें।
- यदि आप पैसे की तत्काल जरूरत में हैं, तो बैंक से एक पर्सनल लोन लेने के बारे में सोचें और जितनी जल्दी हो सके लोन का बकाया चुकाने के लिए कड़ी मेहनत करें।

आप **ऑनलाइन बहुत सारा पैसा कमा सकते हैं**यदि

आपको कोई नया स्किल सीखने का शौक है (जैसे content writing, SEO, graphic designing, video editing इत्यादि).

आप एक लाभदायक ब्लॉग शुरू करने पर विचार कर सकते हैं और अपने smart work के आधार पर 6 से 8 महीनों में कुछ इनकम की उम्मीद कर सकते हैं। आपकी जरूरत है एक इंटरनेट कनेक्शन, लैपटॉप या कंप्यूटर और 10,000 रुपये या उससे भी कम की पूंजी/इन्वेस्टमेंट।

जीवन में सफलता पाने का एकमात्र तरीका है (एक लाभदायक स्किल) सीखना और जितना हो सके अपने ज्ञान में निवेश/इन्वेस्ट करना।

यदि आप अभी भी इस पोस्ट को पढ़ रहे हैं, तो मै यह समझता हूँ कि आप **ऑनलाइन इनकम करने के लिए कड़ी मेहनत करने के इच्छुक हैं**।

घर बैठे फ्रीलांसिंग कर ऑनलाइन पैसे कमाए

फ्रीलांसिंग हमेशा से ऑनलाइन पैसा कमाने का एक पॉपुलर/लोकप्रिय तरीका रहा हैऔर इंटरनेट के पास कई विकल्प हैं। अलग-अलग स्किल्स वाले लोगों के लिए फ्रीलान्स जॉब्स की पेशकश करने वाली कई वेबसाइटें हैं। जैसे – freelancer, upwork, worknhire, Fiverr, Truelancer इत्यादि।

आपको केवल उन वेबसाइटों पर एक account बनाना है, लिस्टिंग के माध्यम से जॉब्स को ब्राउज़ करना है और उस जॉब के लिए apply करना है जो आपको सूट करता है।

कुछ वेबसाइटों पर आपको अपने स्किल्स की डिटेल्स के साथ पर्सनल लिस्टिंग बनाने की भी आवश्यकता हो सकती है, ताकि इच्छुक ग्राहक आपसे सीधे संपर्क/contact कर सकें।

अगर आप एक अच्छे प्रोग्रामर, डिज़ाइनर या डिजिटल मार्केटर बनना चाहते हैं, तो आप **भारत में बहुत सारी ऑनलाइन जॉब्स पा सकते हैं**। आपको बस धैर्य रखने और अधिक सीखने की जरुरत है।

> एक अच्छा फ्रीलांसर बनने के लिए आपके पास दो स्किल्स का होना अति आवश्यक है। एक तो है आपका मुख्य स्किल (आप जिस काम को करना जानते है) और दूसरा स्किल है मार्केटिंग।

यदि आप एक अच्छे मार्केटर नहीं हैं, तो अपनी प्रोफ़ाइल बनाने के लिए किसी अनुभवी मार्केटर की मदद लें। क्लाइंट पाने के लिए आपके पास अच्छा कम्युनिकेशन स्किल भी होना चाहिए।

स्टॉक मार्केट में ट्रेडिंग कर ऑनलाइन पैसे कमाए

आपको फ्रीलांसिंग काम शुरू करने के लिए किसी भी पैसे की जरुरत नहीं है, लेकिन आपको स्टॉक ट्रेडर के रूप में अपना करियर शुरू करने के लिए कुछ पैसो की आवश्यकता जरूर होगी।

आप **स्टॉक ट्रेडिंग करके ऑनलाइन पैसा कमा सकते हैं**, यदि आप जानते हैं कि सही स्टॉक कैसे चुना जाए। आपको ट्रेडिंग शुरू करने के लिए Demat और Trading Account की आवश्यकता होती है।

मुझे आपको इस बात से भी अवगत कराना चाहिए कि आप स्टॉक ट्रेडिंग में अपने पैसे गँवा सकते हैं, इसलिए कम से कम पैसो के साथ शुरुआत करें और जितना हो सके स्टॉक ट्रेडिंग की basics सीखने में अधिक समय लगाएं।

मैंने शुरुआती लोगों के लिए भारत में intraday स्टॉक ट्रेडिंग पर एक आर्टिकल लिखा है। यदि आप स्टॉक ट्रेडिंग की basics सीखना चाहते हैं तो आप ये आर्टिकल पढ़ सकते हैं।

डिस्काउंट ब्रोकर intraday ट्रेडिंग के लिए सबसे अच्छा होता है क्योंकि वे ब्रोकरेज चार्ज को फिक्स्ड 20/- रुपये प्रति ट्रेड या आपकी trading amount का 0.01%, दोनों में से जो भी कम होगा वो लिया जाता हैं। आप मेरे 3 पसंदीदा डिस्काउंट ब्रोकर्स 5paisa, upstox और zerodha की review को देख सकते हैं।

ये भी पढ़ें :-

Affiliate Marketing kya hai, एफिलिएट मार्केटिंग से ऑनलाइन पैसे कैसे कमाए?

Youtube से घर बैठे ऑनलाइन पैसे कैसे कमाए? 2020 के बेस्ट तरीके

UPI के 10 Benefits, क्यों बेहतर है UPI दूसरे Payment Methods से

ऑनलाइन Consulting कर पैसे कमाए

आप अपनी सलाह और ज्ञान कई लोगों को बेच सकते हैं। एक सलाहकार/consultant या टीचर बनने के लिए आपको किसी एक विषय/टॉपिक में एक सुपर एक्सपर्ट होना चाहिए, आपको बस अपने स्टूडेंट या कस्टमर से बेहतर होना होगा।

मैंने बहुत सारे स्टार्टअप के साथ काम करके कंटेंट मार्केटिंग स्किल सीखा है। इस काम में कभी-कभी मुझे सफलता मिली और कभी-कभी असफलता भी मिली, लेकिन हर असफलता के साथ मैंने कंटेंट मार्केटिंग में कुछ नया सीखा।

अब लोग शायद मुझे कंटेंट मार्केटिंग एक्सपर्ट कहते हैं और फोन/व्हाट्सएप्प पर मेरी सलाह के लिए खुशी से मुझे प्रति घंटे के हिसाब से पेमेंट करने के लिए तैयार है। मैं कंटेंट मार्केटिंग प्लान बनाने में उनकी मदद करता हूँ जिससे वे बेहतर मार्केटिंग कैंपेन चलाकर अधिक सेल/बिक्री करते हैं।

Core competitive स्किल वाला कोई भी व्यक्ति consultant बन सकता है और कस्टमर्स को ऑनलाइन ही सर्च कर सकता है। उदाहरण के लिए, यदि आप एक कानूनी या फाइनेंस प्रोफेशनल हैं, तो आप अपनी वेबसाइट बना सकते हैं, और कस्टमर्स को ऑनलाइन आकर्षित करना शुरू कर सकते हैं।

> आप या तो अपने मौजूदा स्किल को monetize कर सकते हैं, या नए स्किल्स सीख सकते हैं **जिससे ऑनलाइन पैसे कमाए जा सके**। किसी स्किल के बिना जल्दी पैसा कमाने की कोई उम्मीद नहीं है।

मैं इसे फिर से कह रहा हूँ, कुछ महीनों की लगन और कड़ी मेहनत के साथ **ऑनलाइन पैसे कमाने वाले स्किल्स सीखना संभव है**।

YouTube से ऑनलाइन पैसे कमाए

आप शायद जानते ही होंगे कि लोग youtube से हर महीने लाखों कमा रहे हैं। मै बताना चाहूंगा कि यह कोई आसान ऑप्शन नहीं है, लेकिन किसी ऐसे व्यक्ति के लिए बहुत अधिक फायदेमंद हो सकता है जो किसी स्पेशल टॉपिक पर वीडियो बनाकर अपलोड कर सकता है।

दो प्रकार के लोग सफल YouTube चैनल बना सकते हैं, एक जो मज़ेदार और मनोरंजक/entertainment वीडियो बनाते हैं, दूसरा वे जो niche audience (जैसे स्टूडेंट्स, गृहिणियों, टेक गीक्स, बॉडी बिल्डिंग, हेल्थ इत्यादि) जैसे दर्शकों के लिए अधिक सहायक/helpful वीडियो बना सकते हैं।

आप **YouTube से पैसे कैसे कमा सकते हैं**, इस बारे में अधिक जानकारी के लिए आप हमारे यूटयूब गाइड चेक कर सकते हैं, जहां मैंने सफल लोगों के उदाहरण दिखाए हैं, जो **YouTube से पैसे कमा रहे हैं**।

मैंने YouTube चैनल बनाने की प्रोसेस के बारे में step by step बताया है कि कैसे मार्केट में grow करें और अपने चैनल की मार्केटिंग कैसे करें और आपको कौन से tools की जरुरत पड़ेगी वीडियो बनाने और उसको प्रमोट करने के लिए।

आज कई डिजिटल मार्केटिंग प्रोफेशनल अपने सम्बंधित क्षेत्र में एक फुल टाइम YouTuber बनना चाहते हैं। एक बार आपके यूटयूब चैनल पर काफ़ी सब्सक्राइबर हो जाने के बाद आप **YouTube monetization के माध्यम से ऑनलाइन पैसा कमा सकते है**

सोशल मीडिया से ऑनलाइन पैसे कमाए

सोशल मीडिया ऑप्टिमाइज़र वे professionals होते हैं, जो किसी वेबसाइट और उसके कंटेंट को बेहतर बनाने के लिए और वेबसाइट पर अधिक यूज़र्स/ट्रैफ़िक बढ़ाने के लिए काम करते हैं। इसके अलावा सोशल मीडिया साइटों पर वेबसाइट के लिंक का उपयोग करने और उन्हें शेयर करने के लिए लोगों को प्रोत्साहित/प्रेरित भी करते हैं।

इंस्टाग्राम, फेसबुक और ट्विटर के माध्यम से इनकम/आय की कोई लिमिट नहीं है। मैं मजाक नहीं कर रहा, वहां ऐसे भी लोग हैं जो सिर्फ एक ट्वीट या फेसबुक पोस्ट के लिए 20,000 रुपये तक का चार्ज लेते हैं। अब आप अपना मुंह बंद कर सकते है, यह सच है।

> यहाँ कुछ तरीके हैं जिनसे मैं परिचित हूँ, **फेसबुक के माध्यम से पैसा कमाने के लिए** मैंने खुद फेसबुक पेजों पर **अपनी कंटेंट को प्रमोट करने के लिए पैसे खर्च किया है** ।

सोशल मीडिया fan base ऐसे लोगों के लिए एक asset है, उनमें से ज्यादातर मनोरंजन क्षेत्र में हैं। फैशन और मनोरंजन क्षेत्र से संबंधित लोग अपने इंस्टाग्राम पेज को monetize कर सकते हैं।

आप कुछ चुनिंदा फेसबुक पेज के fan base की जांच कर सकते हैं और आप कल्पना कर सकते हैं कि किसी भी कंपनी के लिए वे कितने मूल्यवान हो सकते हैं जो ऐसे pages पर Ad/विज्ञापन देना चाहते हैं।

Buy, Sell & Rent Domains/Websites

आपको पता नहीं होगा, लेकिन अगर आपके वेबसाइट पर अच्छा ट्रैफ़िक है तो आप अपनी वेबसाइट किराए पर दे सकते हैं। मैं कभी रियल एस्टेट क्षेत्र में मेरे एक क्लाइंट के साथ काम कर रहा था, तब **मैंने ऑनलाइन पैसे कमाने का यह तरीका सीखा**।

शुरू से अपनी वेबसाइट बनाने के बजाय, उसने एक ऐसे व्यक्ति से एक वेबसाइट किराए पर ली जिसके पास पहले से ही ट्रैफ़िक था, जिससे उसे ऐसे लोगो से जुड़ने का अवसर मिला जो अपने स्थानीय क्षेत्र में घर खरीदने के इच्छुक थे।

मेरे क्लाइंट को उसकी वेबसाइट खरीदने में कोई दिलचस्पी नहीं थी, इसलिए उसने कुछ महीनों के लिए उसकी वेबसाइट को किराए पर देने के लिए कहा। उन्होंने वेबसाइट पर अपनी assets दिखाते हुए lead generate किया। बाद में उन्होंने अपनी रियल एस्टेट प्रॉपर्टी को बेचने के बाद वेबसाइट को उसके owner के पास वापस कर दिया।

दूसरा ऑप्शन है अपना Domain बेचना, यदि आपके पास एक अच्छा SEO Score (Domain Authority) वाला Domain है या आप एक स्पेशल नाम वाले Domain के मालिक हैं, तो आप अपना डोमेन ज्यादा कीमत पर बेचकर मुनाफ़ा कमा सकते है।

मेरे उसी क्लाइंट ने पिछले साल एक .com domain $ 15,000 में खरीदी थी। आप मुनाफ़ा कमाने के लिए expired domains खरीद सकते हैं और ज्यादा कीमत पर उन लोगों को बेच सकते हैं जिन्हें इसकी जरुरत है।

लेकिन वास्तव में, डोमेन ट्रेडिंग बिज़नेस मुश्किल है और आपको शुरू करने के लिए भी एक एक्सपर्ट बनना होगा अन्यथा आप अपने पैसे गँवा सकते हैं। लेकिन, यदि आपके पास पहले से ही एक डोमेन है और इसका उपयोग आप नहीं कर रहे हैं, तो Flippa.com जैसे मार्केटप्लेस पर बेचने की कोशिश कर सकते हैं।

नोट: इस समय मेरे पास 20 से अधिक डोमेन हैं। मैं डोमेन में इन्वेस्ट करता रहता हूँ और इस साल मैंने एक डोमेन $ 500 (30 हजार रुपये के बराबर) में बेचा। जब आप अपने ऑनलाइन बिज़नेस पर काम करना शुरू करते हैं तो आप यह भी सीखेंगे कि domain selling से पैसे कैसे कमाए जाएं।

ऑनलाइन Writing कर पैसे कमाए

मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं कभी लेखक बनूंगा। मैंने अपने स्टार्टअप ब्लॉग के लिए लिखना शुरू किया और शब्दों के साथ एक संबंध पाया। ईमानदारी से कहूं तो मैं हिन्दी में कभी अच्छा नहीं था और अभी भी अपने व्याकरण को सुधारने पर काम कर रहा हूँ।

आज, मेरे अधिकांश ऑनलाइन बिज़नेस मेरे लिखने की स्किल के आधार पर चलते हैं। मैंने सीखा कि किसी भी काम में अच्छा बनने के लिए फॉर्मल एजुकेशन की जरुरत नहीं है।

अगर आपको लिखना पसंद है, तो बस इसे शुरू करें। ऑनलाइन कई जानकार उपलब्ध हैं जो आपको अच्छे कंटेंट लिखना सिखाने के इच्छुक हैं।

मेरा विश्वास करें, कई कंपनियां अच्छे लेखकों की तलाश में हैं लेकिन उन लेखकों को ढूंढना मुश्किल है जो अच्छा लिखते हैं। आप उनमें से एक हो सकते हैं, एक अच्छा लेखक 5,000 से 20,000 रुपये प्रति आर्टिकल लिखने के लिए चार्ज करता है।

यदि आप लिखने में अच्छे हैं, फिर मेरा यह आर्टिकल आपको अपने लिखने की स्किल के माध्यम से ऑनलाइन पैसा कमाने में मदद कर सकता है।

> नोट: यदि आपको लगता है कि आप अच्छा लिख सकते हैं, लेकिन आपके पास कोई क्लाइंट नहीं है, तो आप मुझे अपने काम का नमूना/sample भेज सकते हैं। मैं किसी भी काम की गारंटी नहीं देता, लेकिन मैं अपनी क्षमता के अनुसार आपके लिए कुछ करने की पूरी कोशिश करूंगा। मुझे लिखना पसंद है और मै किसी ऐसे लेखक को जो अच्छा लिख सकते है, उन्हें बेकार नहीं जाने दूंगा।

Blogging से ऑनलाइन पैसे कमाए

आप अपने लिखने की स्किल से दो तरीकों से पैसा कमा सकते हैं।

- किसी दूसरे व्यक्ति के लिए लिखें और तुरंत पैसा कमाएं।
- अपने लिए लिखें और धीरे-धीरे पैसा कमाएं, लेकिन लगातार।

यह एक फ्रीलान्स जॉब और एक बिज़नेस के मालिक के बीच का अंतर है। **आपका ब्लॉग आपका ऑनलाइन बिज़नेस हो सकता है**, जैसे मेरा है। आपके viewers growth होने में कुछ समय जरूर लगेगा। लेकिन एक बार जब आप **ब्लॉग से पैसा कमाना शुरू कर देते हैं**, तो **आपका ब्लॉग तब भी पैसे कमाता है जब आप सो रहे होते हैं**।

आप सिंपल Google Adsense का उपयोग करके Ad/विज्ञापन लगा सकते हैं और Google के साथ पैसा कमा सकते हैं। जब भी कोई viewer आपके ब्लॉग पर किसी Ad पर क्लिक करता है तो आप पैसे कमाते हैं।

कई **डिजिटल मार्केटिंग प्रोफेशनल** अपना पूरा समय ब्लॉगिंग को अपने करियर के रूप में चुनते हैं। **ब्लॉगर्स विज्ञापन/Ad और affiliate marketing से इनकम कर सकते हैं**।

Affiliate Marketing से ऑनलाइन पैसे कमाए

ऑनलाइन सेल्स जेनरेट करने और ऑनलाइन बिज़नेस को मजबूत करने का एक अन्य तरीका affiliate marketing या referral program है। लगभग 15-20% ई-कॉमर्स ग्राहक/कस्टमर इन affiliate प्रोग्राम के माध्यम से ख़रीदारी करते हैं।

Affiliate marketing शुरू करना एक खुदरा दुकान/retail shop चलाने के समान है। आप Amazon और Flipkart जैसे ई-कॉमर्स वेबसाइट के affiliate program में signup करते हैं, अपनी वेबसाइट और सोशल मीडिया पर अपने पसंदीदा प्रोडक्ट्स को प्रोमोट करते हैं**ताकि ज्यादा से ज्यादा पैसे कमा सकें**।

मैं बात कर रहा हूँ affiliate marketing को एक अलग विकल्प के रूप में सोचने की, क्योंकि यह किसी भी प्रकार के ऑनलाइन बिज़नेस के साथ फिट हो सकता है, कई लोग ऐसे भी है जो किसी वेबसाइट के मालिक नहीं हैं; लेकिन **affiliate marketing के माध्यम से ऑनलाइन पैसा कमाते हैं**।

मैंने बस अपनी पसंदीदा किताबों की एक लिस्ट तैयार की और Amazon से link किया ताकि इच्छुक लोग किताबें खरीद सकें।

उसी दिन तीन लोगों ने खरीदारी की और मैंने एक छोटा सा affiliate commission कमाया। अगर कोई आपके द्वारा दिए गए लिंक पर क्लिक करके amazon की वेबसाइट पर जाकर खरीदारी करता है, तो उसमें से आपको 2-10% तक कमीशन मिलता है।

आप फेसबुक ग्रुप्स, ऑनलाइन forum में एफिलिएट लिंक को प्रोमोट करना शुरू कर सकते हैं। इसके अलावा आप linkedin, Quora और medium.com पर प्रोडक्ट रिव्यु लिख सकते हैं जिसमे अपना affiliate link को शामिल करना न भूले।

कुछ करने का समय

मैं सालों तक जानकारी शेयर करता रह सकता हूँ, लेकिन जब तक आप कोई एक्शन नहीं लेंगे, तब तक आपको कुछ भी मदद नहीं करेगा। लोग failure होने से डरते हैं और वे कुछ भी शुरू नहीं करते हैं।

अपना पहला स्टेप बढ़ाये और आप inspiration की रौशनी को आगे देखेंगे। मुझे यकीन है कि आप इन ऑनलाइन बिज़नेस के options की इस लिस्ट में से एक option चुन सकते हैं।

मैंने फ्रीलांसिंग, ब्लॉग्गिंग, एफिलिएट मार्केटिंग, राइटिंग, डोमेन खरीदने-बेचने जैसे सभी इंडस्ट्रीज को कवर किया है। आप किसी के भी बारे में सोच सकते हैं, मैंने **ऑनलाइन बिज़नेस के लिए बहुत सारे विचार शेयर किए हैं** ।

यदि आप शेयर बाजार में निवेश करने में रुचि रखते हैं, तो भारत में एक सर्वश्रेष्ठ डीमैट ब्रोकर के माध्यम से निवेश करना शुरू करें।

मैं आपको यह सिखाने के लिए तैयार हूँ कि एक वेबसाइट कैसे शुरू करें, keyword रिसर्च करें और अपने ऑनलाइन बिज़नेस को मैनेज करने के हर स्टेप में पैसे बचाएं।

इंटरनेट मार्केटिंग के फायदे/Benefits

भारत में इंटरनेट मार्केटिंग एक बहुत बड़ा बाजार है। यह न केवल सुविधाजनक है, बल्कि किसी ट्रेडिशनल विज्ञापन से इसकी लागत भी कम है। आपके और मेरे जैसे लोगो के लिए यही जानकारी काफ़ी है कि यह लोगों के लिए **ऑनलाइन पैसे कमाने के अवसर** प्रदान करता है।

यदि वे सफल होते हैं तो वे इस क्षेत्र में अपना स्टार्टअप बिज़नेस set up कर सकते हैं। यह employer के लिए भी फायदेमंद है क्योंकि डिमांड के आधार पर पैसे का खर्च होता है और यह एक ही प्लेटफॉर्म पर कई लोगों को रोजगार मिल सकता है।

ऑनलाइन बिज़नेस में अपने प्रोडक्ट्स या सर्विसेज की मार्केटिंग के लिए विभिन्न tools का उपयोग कर सकते हैं। इंटरनेट मार्केटिंग के माध्यम से केवल एक क्लिक के साथ दुनिया भर में targeted कस्टमर्स तक पहुँच सकते हैं।

इंटरनेट मार्केटिंग का स्कोप भारत में काफी है क्योंकि लोगों की संख्या बढ़ती जा रही है। आज **इंटरनेट के माध्यम से कोई भी अपने दम पर परिश्रम करके आसानी से ऑनलाइन पैसे कमा सकता है** और एक अच्छी ज़िन्दगी जी सकता है।

56 करोड़ से अधिक इंटरनेट यूज़र्स के साथ, **भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा ऑनलाइन बाजार है** यह

संख्या 2021 तक बढ़कर 60 करोड़ से अधिक होने की उम्मीद है। अधिकांश भारतीय अपने स्मार्टफोन पर इंटरनेट का उपयोग करते हैं।

आज हर कोई छोटे, बड़े, युवा, बुजुर्ग, महिलायें यहाँ तक की बच्चे भी अपने फोन से जुड़े हुए है। भारत सरकार द्वारा 'Digital INDIA' और भारतीय स्टार्टअप्स का समर्थन करने से इस क्षेत्र के लोगों के लिए अधिक नौकरियों की उम्मीद है।

> इसलिए, बढ़ती आबादी के साथ इंटरनेट और स्मार्टफ़ोन तक पहुंच के साथ, यह उद्योग भारत में लम्बी छलांग और लिमिट से ज्यादा बढ़ने के लिए बाध्य है।

यहाँ statista की database के कुछ आंकड़े है जो 2015 से 2023 तक भारत में मोबाइल इंटरनेट यूज़र्स की संख्या दर्शाते हैं। 2018 में, 48 करोड़ लोगों ने अपने मोबाइल फोन के माध्यम से इंटरनेट का उपयोग किया। 2023 में, यह आंकड़ा 66 करोड़ स्मार्टफोन इंटरनेट यूज़र्स के लिए अनुमानित है।



Statista के आंकड़े मिलियन में दर्शाते है जिसे मैंने करोड़ में बताया है

यह आंकड़ा जनवरी 2015 से 2023 तक भारत में सबसे पॉपुलर स्मार्टफोन एक्टिविटीज को दर्शाता है। एक सर्वे के दौरान, यह पाया गया कि 21% respondents ने सोशल नेटवर्क का उपयोग किया, जबकि 16% ने वीडियो देखा।

Conclusion

यदि आप अभी भी आर्टिकल के इस हिस्से को पढ़ रहे हैं, इससे एक बात तो स्पष्ट है कि आप **ऑनलाइन इनकम करनेके बारे में** गंभीरता से सोच रहे हैं। मै पहले ही बता चुका हूँ कि **इंटरनेट मार्केटिंग भारत में बढ़ती आबादी और आम जनता द्वारा इंटरनेट के बढ़ते उपयोग को देखते हुए एक तेजी से बढ़ता बाजार है।**

ऐसे कई रास्ते हैं जिनके माध्यम से आप बढ़ते हुए अवसरों का लाभ उठा सकते हैं। आपको बस इस संबंध में और ज्यादा जानकारी जुटाना, सही काम पर ध्यान देना, अनुशासन में रहना और कुछ बेसिक ट्रेनिंग की आवश्यकता है।

अगर आपको यह आर्टिकल पसंद आया और आपको लगता है कि इससे फ़ायदा हो सकता हैं तो इसे अपने दोस्तों के साथ शेयर जरूर करें। affiliate marketing/blogging के बारे में कोई संदेह/सवाल है तो कमेंट के माध्यम से पूछ सकते है। धन्यवाद् ..

Copyright 2020 | Continue Gyan